बरेली, शनिवार
17 अगस्त 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 24

दैनिक जागरण

PAGE NO 12 : TOP

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थानों में मनाया स्वतंत्रता दिवस

एसआरएमएस में ध्वज फहराते चेयरमैन देव मूर्ति ● सौ. संस्थान

बरेली : एसआरएमएस ट्रस्ट के सभी संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही उन्होंने जिले के हर घर की हेल्थ कुंडली बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में जिले के हर घर में एसआरएमएस की टीम पहुंचकर सभी सदस्यों की मेडिकल जांच के साथ उनकी हेल्थ कुंडली बनाएगी। इससे पारिवारिक सदस्यों को आपात स्थिति आने से पहले ही इसका पता चल सके और वह समय से अपना या अपने स्वजन का इलाज करा सकें। इस मौके पर ट्रस्टी आशा मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा, डा. आरपी सिंह आदि मौजूद रहे। वि.